संदर्भ शर्तें (टीओआर)
जूनियर कनसल्टेंट -जन स्वास्थ्य नीति एवं नियोजन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है;

भूमिकाएं और दायित्वः

- फील्ड दौरे करना/करने में सहायता करना और कार्यक्रम के कार्यान्वयन की निगरानी/समीक्षा करना।
- परामर्शदाता को आबंटित राज्य की राष्ट्रीय कार्यक्रम समन्वय समिति (एनपीसीसी) के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए राज्यों की कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) पर उनके इनपुट/टिप्पणियों को सुव्यवस्थित करने में मंत्रालय के कार्यक्रम प्रभागों के साथ समन्वय करना।
- पीआईपी तैयार करने के लिए राज्यों का क्षमता निर्माण करना।
- आवंटित राज्यों के कार्यक्रम कार्यान्वयन के आंतरिक विश्लेषण के लिए रिपोर्टें तैयार करना।
- नियोजन प्रक्रिया में सहयोग करने और एनएचएम कार्यान्वयन गतिविधियों की निगरानी के लिए आवंटित राज्यों के बारे में प्राप्त जानकारी को सुव्यवस्थित करना।
- रिपोर्टिंग अधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।

योग्यताः

- जन स्वास्थ्य, सामुदायिक स्वास्थ्य, निवारक एवं सामाजिक चिकित्सा में स्नातकोत्तर या उच्चतर योग्यता।
- स्वास्थ्य प्रणालियों या जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रकाशित कार्य।
- स्वास्थ्य प्रणाली अनुसंधान या सेवा प्रदायगी की योजना निर्माण एवं कार्यान्वयन के क्षेत्र में 0–1 वर्षों का कार्य अनुभव।
- आम तौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले पैकेजों, जैसे कि एमएस-वर्ड, एक्सेल, पॉवर पाइंट और सुसंगत डेटा एवं दस्तावेजों को तलाशने के लिए वेब सर्फिंग की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में प्रवीणता।
- उत्कृष्ट संप्रेषण तथा प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर्वैयक्तिक क्षमताएं, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल। हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
- विविध प्रकार के टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित योग्यता।
- फील्ड स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रम संचालित करने/जिला स्तरीय स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने हेतु कार्य करने का प्रदर्शित अनुभव।
- तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा करने का इच्छुक और निर्धारित समय सीमा में कार्यों को पूर्ण करने के लिए एक साथ विभिन्न कार्य करने की योग्यता।

आयुः आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 35 वर्ष तक।

पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 40,000/- रु. से 70,000/- रु. के बीच

आवेदन कैसे करें: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध आवेदन को ठीक से भरें। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदनों को प्राप्त करने की अंतिम तिथि **04-Oct-2022** है।